Printed Pages – 4

BH-5911

M.A. (I[st] Semester) Examination, 2022

HINDI

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Pass Marks : 25

खण्ड - अ

Q. 1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **5**

(i) 'बीजक ..... की रचना है।

(ii) 'पुष्टिमार्ग का जहाज .....कवि को कहा जाता है।

(iii) 'बिहारी .....काल के कवि हैं।

(iv) 'सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन वर्ष .....है।

(v) रामचरित मानस की भाषा .....है।

(ब) निम्नांकित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : **5**

(vi) हिन्दी साहित्य के आरम्भिक काल का नाम 'वीरगाथा काल' किसने दिया है :

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ब) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(स) गणपतिचन्द्र गुप्त

(द) मिश्र बंधु

(vii) खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है :

(अ) प्रिय-प्रवास

(ब) साकेत

(स) कामायनी

(द) रामचरित मानस

(viii) 'हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' के लेखक हैं :

(अ) रामचन्द्र शुक्ल

(ब) रामकुमार वर्मा

(स) गणपतिचन्द्र गुप्त

(द) शिवसिंह सेंगर

(ix) प्रगतिवाद किस विचारधारा से प्रभावित था ?

(अ) मार्क्सवाद

(ब) अस्तित्ववाद

(स) मनोविश्लेषणवाद

(द) गाँधीवाद

(x) रीतिकाल को 'अलंकृत काल' नाम किसने दिया है ?

(अ) रामचन्द्र शुक्ल

(ब) मिश्र बंधु

(स) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

(द) पं.विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

खण्ड - ब

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं। अधिकतम शब्द सीमा 25-30 शब्द। **10**

Q. 2. (i) वीरगाथात्मक रासो काव्य किसे कहते हैं ?

(ii) नाथ साहित्य क्या है ?

(iii) सूफी काव्य किसे कहते हैं ?

(iv) रीतिमुक्त काव्य को परिभाषित कीजिए।

(v) उपन्यास के तत्वों के नाम लिखिए ?

(vi) आत्मकथा किसे कहा जाता है ?

(vii) छायावादोत्तर काव्य किसे कहा जाता है ?

खण्ड -स

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 4 अंक हैं। अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द। **20**

Q. 3. (i) सिद्धों और नाथों के साहित्य की तुलना करते हुए अंतर बताइए।

(ii) भक्तिकाल की सामाजिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

(iii) कोई दो संत कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) सूफी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(v) निर्गुण भक्ति की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

(vi) हिन्दी साहित्य में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का स्थान निरुपित कीजिए।

(vii) "गद्य साहित्य की विविध विधाएँ द्विवेदी युग में अपने पूर्ण विकास के साथ सामने आईं।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड - द

(निबंधात्मक प्रश्न)

नोट : किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक हैं। अधिकतम शब्द सीमा 500 शब्द। **30**

Q. 4. (i) आदिकालीन परिस्थितियों पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

(ii) उन परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिस कारण हिन्दी साहित्य के इतिहास में भक्तिकाल को 'स्वर्णकाल' कहा जाता है।

(iii) रीति शब्द का अर्थ लिखते हुए रीतिकालीन प्रमुख काव्य-धाराओं का वर्णन कीजिए।

(iv) आधुनिक हिन्दी कविता में प्रगतिवाद से क्या तात्पर्य है ? इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।